न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक

प्रार्थना पत्र संख्या 25 वर्ष 2016

केदार पुत्र गिर्राज जाति मीना निवासी ग्राम मोहम्मदगढ तहसील उनियारा

बनाम

तहसीलदार उनियारा जिला टोंक

आदेश प्रार्थना 136 भू. राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म के तामील में जारी हुए
24.2.2016	पत्रावली पेश हुयी । प्रार्थी के वकील उपस्थित। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। पेरोकार सरकार नायब तहसीलदार उनियारा उपस्थित। पेरोकार सरकार द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया। उभय पक्ष की बहस सुनी गई। बहस पर गौर किया गया। पत्रावली एवं उस पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। नकल जमाबन्दी सम्वत 2069–2072 वाके ग्राम तुम्बीपुरा तहसील उनियारा खाता संख्या 4 मे 3/4 हिस्सा रामफूल लाला पुत्रान व पोखरी पुत्री गिरिराज कोम मीना के नाम दर्ज है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत छाया प्रति राशनकार्ड व निर्वाचन आयोग फोटो पहचान पत्र मे प्रार्थी का नाम केदार पुत्र गीर्राज दर्ज है। सरपंच ग्राम पंचायत पायगा द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अनुसार भी जमाबन्दी मे प्रार्थी का नाम लाला गलत दर्ज है। केदार पुत्र गिर्राज मीणा नि0 मोहम्मदगढ सही है। पेरोकार सरकार ने भी अपने जवाब मे प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड मे लाला के स्थान पर केदार दर्ज किये जाने मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत नही की है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर न्यायालय प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना उचित समझता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार उनियारा को आदेशित किया जाता है कि वे खाता 4 वाके ग्राम तुम्बीपुरा मे अंकित लाला के स्थान पर केदार दर्ज कर राजस्व रेकार्ड को दुरूस्त करे। पालना हेतु तहसीलदार उनियारा को लिखा जावे। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक	

Scanned by CamScanner